## एक नजर में



### हर घर तिरंगा अभियान के शुभारंभ पर निकाली रैली

**सीहोर.** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद एवं नवांकुर संस्था कचनारिया द्वारा ग्राम मुंडला खुर्द एवं ग्राम कचनारिया में तिरंगा रैली निकाली गई. इस अवसर पर सभी ने तिरंगे के सश्मान एवं राष्ट्र की एकता, अखंडता तथा गौरव को बनाए रखने का संदेश दिया. ब्लॉक समन्वयक प्रदीप सिंह सेंगर ने कहा कि तिरंगा केवल हमारा राष्ट्रीय ध्वज ही नहीं, बल्कि देश की एकता, संप्रभुता और गौरव का प्रतीक है. प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करते हुए राष्ट्रहित में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें. इस दौरान भारत माता के जयघोष एवं देशभक्ति के नारों से गांव का वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया.



### पर्यटन क्विज में बायां की छात्राओं का जलवा

**बुधनी.** मप्र पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित पर्यटन क्विज में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बायां की छात्राओं ने जिले में पांचवां स्थान हासिल किया. जिला स्तरीय प्रतियोगिता में ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं की इस उपलब्धि से विद्यालय एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है. प्रतियोगिता में बायां विद्यालय की छात्राएं रश्मि रिछारिया, सलोनी यदुवंशी एवं सेहरीश खान की टीम ने सामान्य ज्ञान और पर्यटन संबंधी प्रश्नों का बेहतर प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थानों में जगह बनाई. ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय विद्यालय की छात्राओं की यह उपलब्धि क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बनी है. छात्राओं की सफलता पर प्राचार्य प्रवीण कुमार झरिया, शिक्षिका पूजा सिंगोदिया आदि ने बधाई दी.




### ग्यारह घरों में एक साथ किया गया गायत्री महायज्ञ

**इछावर.** विश्व गायत्री शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में ग्राम बिशनखेडी में गायत्री शक्ति पीठ द्वारा गृह-गृह गायत्री महायज्ञ ग्यारह घरों में यज्ञ एक साथ सम्पन्न हुआ, सुख शांति समृद्धि एवं आध्यात्मिक परिवेश में ग्राम परिवार की सहभागिता रही. इस दौरान सरपंच दुर्गेश नागर, बजरंग नागर, दुर्गा प्रसाद, नरेश वर्मा, आत्माराम, सोनानिया, धरम वर्मा आदि उपस्थित थे.




### सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक

**सीहोर.** जिला कांग्रेस कार्यालय में छात्र संघ चुनाव एवं एनएसयूआई के सदस्यता अभियान को लेकर जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई. एनएसयूआई साथियों को फॉर्म वितरित किए गए. जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती एनएसयूआई जिला अध्यक्ष हरिओम सिसोदिया ने छात्र संघ चुनाव की तैयारियों एवं संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की. इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर, देवेंद्र ठाकुर, मनीष मेवाड़ा, तुलसी राठौर, कृष्णकांत रिछारिया, यश यादव, अंशु ठाकुर, तनीष त्यागी, करण भैरव, दीपक गोस्वामी, पवन ठाकुर, विजय सोलंकी आदि उपस्थित थे.




### आदिवासी समाज ने निकाला विशाल चल समारोह

**सीहोर.** जय आदिवासी युवा शक्ति और सर्व आदिवासी समाज ने शहर में विशाल चल समारोह निकाला गया. पारंपरिक वेशभूषा में तीर कमान ढोल मादान लेकर दस हजार से अधिक युवक-युवती बुजुर्ग बच्चों के साथ चल समारोह में शामिल हुए. चल समारोह में विभिन्न अलग-अलग टोलियों में आदिवासी छात्र-छात्राएं नाचते गाते हुए चल रहे थे. तीर कमान भला लिए बुजुर्ग आकर्षण का केंद्र बने रहे. बच्चे बूढ़े और जवान पारंपरिक कपड़ों में सजे धजे दिखाई दिए. बाल विहार मैदान में सामाजिक सभा में समाज के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं विशिष्ट जनों का स्मृति चिन्ह और संविधान की पुस्तक भेंटकर स्वागत सम्मान किया गया. कार्यक्रम में नपाध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर ने नपा उपाध्यक्ष विपिन सास्ता की अनुशंसा पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थापित करने, और आदिवासी समाज के लिए धर्मशाला बनाने के लिए भूमि उपलब्ध कराने और निर्माण कार्य करने की घोषणा की. कार्यक्रम में कैलाश जामले, बीएस जामोद, डॉ ओमप्रकाश धुर्वे, श्रीमती निर्मला बारेला, प्रहलाद सस्त्या, विपिन सास्ता, प्रताप सिंह, राजकलाम, गेंदराम पटेल, दिनेश जामले, बाबूलाल मालवीय, कमल कीर, सुनील कटारा, कमलेश दोहरे, कृष्णा सूर्यवंशी, इंदरसिंह पटेल, दीपक नावड़े, गुलाब सिंह मोरी, जगन पटेल, देवीसिंह पटेल, निशा भवरसिंह मौजूद थे.

# रात भर आसमान से बरसी आफत, बाढ़ के हालात

## रात भर में छह इंच से अधिक बारिश के चलते उफने नदी- नाले, कई गांवों का जिला मुख्यालय से सड़क संपर्क टूटा

- शहर में भी अनेक स्थानों पर बने जलभराव के हालात
- कर्बला पुल के ऊपर से पानी बहने के कारण यातायात रोका





**सीहोर.** बीती देर रात आसमान से बरसी आफत की बारिश ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में बाढ़ के हालात निर्मित कर दिए थे, चहुंओर पानी ही पानी नजर आ रहा थ तो कई गांवों का जिला मुख्यालय से सड़क संपर्क भी टूट गया था.

नवभारत न्यूज

**सीहोर 10 अगस्त. आखिरकार सीजन की सबसे तेज, लेकिन आफत भरी बारिश ने बीती रात के अंधेरे में दस्तक दे डाली. रविवार की सुबह से जारी रिमझिम बारिश से खुशनुमा हुआ मौसम देर रात को बिगड़ गया. रात भर में छह इंच से अधिक बारिश ने संपूर्ण क्षेत्र को जलमग्न कर दिया. सुबह के उजाले में कई गांव टापूओं की तरह पानी से घिरे नजर आए. इसी तरह नदी- नाले भी उफन गए और कई गांवों को शहर से संपर्क टूट गया. सीहोर के अलावा श्यामपुर तहसील में भी भारी बारिश ने रौद्र रूप दिखाते हुए कई कच्चे मकानों को जमीन पर ला दिया. सर्वाधिक 210 मिमी वर्षा श्यामपुर तहसील में रिकॉर्ड की गई. इसके अलावा सीहोर तहसील में 170 एमएम बारिश दर्ज की गई.**

सीजन में मानसून की बेरुखी ने लोगों को चिंतित कर दिया था. लगातार कई दिन से बारिश का क्रम थमा रहने से सूखे के आसार नजर आ रहे थे. हालांकि रविवार को सुबह से रह- रहकर हो रही मामूली बूंदाबांदी ने माहौल को खुशनुमा बना दिया था, लेकिन देर रात को बदले मौसम ने रौद्र रूप दिखाया और मूसलाधार बारिश का सिलसिला शुरू हो गया. सुबह जब लोगों की नींद खुली तो चारों तरफ पानी ही पानी नजर आया.

रविवार रात से सोमवार सुबह तक हुई तेज और मूसलाधार बारिश ने जिले के कई हिस्सों में जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया. रातभर आसमान से बरसी आफत के बाद नदी-नाले उफान पर आ गए और कई गांवों का जिला मुख्यालय से सड़क संपर्क टूट गया. सड़कों पर पानी का तेज बहाव होने से आवागमन प्रभावित रहा. कई गांवों में ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा. शहर में भी अनेक स्थानों पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई. बारिश का सबसे ज्यादा असर ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिला. बमुलिया, शिकारपुर, धामनखेड़ा, काहिरी, सेमली, खुटियाखेड़ी, सागोनी, इमलीखेड़ा और टांकपुरा सहित कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क प्रभावित हो गया. सड़क मार्गों पर पानी भरने और नालों में तेज बहाव के चलते लोगों का आवागमन मुश्किल हो गया. कई स्थानों पर हालात ऐसे रहे ग्रामीणों को पानी का बहाव कम होने का इंतजार करना पड़ा.

रातभर हुई बारिश ने सीहोर शहर की जल निकासी व्यवस्था की भी परीक्षा ले ली. शहर के कई हिस्सों में पानी जमा होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा. निचले इलाकों में सड़कें पानी से लबालब नजर आईं. बारिश के कारण कई मार्गों पर वाहनों की रफ्तार थम गई और लोगों को जलभराव के बीच से होकर गुजरना पड़ा.

मूसलाधार बारिश के बाद कर्बला पुल पर भी पानी का बहाव बढ़ गया. सुरक्षा को देखते हुए पुल से यातायात रोक दिया गया. पुल के आसपास पुलिस और प्रशासन की निगरानी रही, ताकि कोई व्यक्ति तेज बहाव के बीच से निकलने का प्रयास न करे. पुल पर आवागमन बंद होने से सीवन नदी के एकमात्र पुल पर यातायात का दबाव बढ़ा. इसी तरह कस्बा स्थित इलाही माता पुल के ऊपर से भी पानी तेज बहाव के साथ बह रहा था. बहाव इतना तेज था कि उसने वहां हाल ही में नगरपालिका द्वारा बिछाई गई पेयजल की पाइपलाइन को उखाड़ा डाला.

तेज बारिश और जलभराव के बाद प्रशासनिक अमला भी अलर्ट मोड पर रहा. नदी-नालों और पुल-पुलियाओं के आसपास विशेष निगरानी रखी गई. ग्रामीण क्षेत्रों में संपर्क मार्गों की स्थिति पर नजर रखी जा रही है. लगातार बारिश के चलते प्रशासन ने लोगों से जलभराव वाले क्षेत्रों और तेज बहाव वाले नदी-नालों से दूरी बनाए रखने की अपील की है.

### एसडीआरएफ ने किया गर्भवती महिला का रेस्क्यू

तहसील के ग्राम पड़ली में चहुंओर पानी ही पानी नजर आ रहा था. ऐसे में एक गर्भवती महिला को अस्पताल पहुंचाने की चुनौती सामने आ गई. प्रशासन को सूचित किया. मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम ने ग्रामीण युवाओं की मदद से सुरक्षित रेस्क्यू कर समय पर अस्पताल पहुंचाया गया .गर्भवती महिला को समय पर चिकित्सा सुविधा मिल सकी.

### श्यामपुर तहसील के अनेक गांव हुए प्रभावित

जिले में सर्वाधिक 210 एमएम बारिश ने श्यामपुर तहसील के अनेक गांवों में जलप्रलय के हालात नजर आ रहे थे. लगातार बारिश का असर श्यामपुर तहसील के दर्जनों गांवों में भी देखने को मिला. यहां कई नदी-नाले उफान पर आ गए. सिराड़ी, छतरी सहित अन्य गांवों में पानी खतरनाक बहाव के साथ बहता नजर आया. ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों पर पानी भरने से आवागमन बाधित रहा. कुछ स्थानों पर पानी खेतों तक पहुंच गया, जिससे ग्रामीणों और किसानों की चिंता बढ़ गई. कई कच्चे मकान ढह गए. इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजकुमार जायसवाल ने प्रभावित ग्रामों का दौरा किया और अतिवर्षा से प्रभावित ग्रामीणों को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की.



**सीहोर.** ग्राम जमनी-पड़ली में गर्भवती महिला को रेस्क्यू कर अस्पताल पहुंचाया गया.



**सीहोर.** विधायक प्रतिनिधि रिंकू जायसवाल श्यामपुर क्षेत्र में प्रभावित ग्रामीणों से मिले.

### पीएमश्री कॉलेज में रोजगार मेला आज

**सीहोर.** रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने मंगलवार को पीएमश्री कॉलेज में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा. में मेले में लगभग विभिन्न कंपनियों द्वारा 1750 से अधिक पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी. इस दौरान जिला उद्योग केन्द्र द्वारा स्व रोजगार विभागों के हितग्राहियों को लाभान्वित कर नए प्रकरण तैयार किये जाएंगे.

## लगातार तेज बारिश से बढ़ा नर्मदा का जलस्तर

नवभारत न्यूज

**बुधनी 10 अगस्त.** तेज बारिश का असर नर्मदा नदी के जलस्तर पर भी दिखाई देने लगा है. क्षेत्र में दो दिनों से लगातार बारिश के चलते नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई. वहीं नर्मदा नदी का जलस्तर भी बढ़ने लगा है, जिससे नदी किनारे रहने वाले लोगों में चिंता बढ़ गई है.

ग्राम बायां में मानसून की तेज बारिश के बाद हालात बिगड़ गए.



गांव के कई निचले इलाकों में पानी भर गया, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा. वहीं खेतों में पानी भरने से धान की फसल भी प्रभावित हुई है. ग्रामीणों का कहना है कि जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से बारिश का पानी खेतों और रहवासी क्षेत्रों की ओर पहुंच रहा है. भाजपा नेता एवं जनपद उपाध्यक्ष डॉ. हेमेंद्र नागर ने बताया कि बायपास निर्माण के दौरान पुलिया का आकार छोटा रखा गया. इस दौरान ही स्थानीय प्रशासन और निर्माण एजेंसी को पुलिया को बड़ा बनाने के संबंध में अवगत कराया गया था, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया गया.

### होटल के बाहर से बाइक चुराने वाला गिरफ्तार

**भैरुंदा.** पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार करते हुए बाइक बरामद की है. फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि इंदौर रोड़ स्थित रेस्टोरेंट के सामने खड़ी उसकी बाइक चोरी हो गई. पुलिस ने संदेही प्रकाश बारेला पिता सुवालाल बारेला निवासी हबीब नगर लोधाबढ़ से पूछताछ की उसने बाइक चोरी की घटना का अंजाम देना स्वीकार किया. पुलिस ने उसे गिरफ्तार करते हुए बाइक बरामद कर ली.

## आश्रितों को प्रतिकर दिलाने की सिफारिश

नवभारत न्यूज

**सीहोर 10 अगस्त.** वर्ष 19 में बजरंग कॉलोनी में हुए हाईटेंशन लाइन हादसे में जान गंवाने वाले दो लोगों के आश्रितों को राहत दिलाने की दिशा में न्यायालय ने महत्वपूर्ण पहल की है. न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दीपेन्द्र मालू ने सुनवाई करते हुए मृतकों के परिजनों को प्रतिकर प्रदान किए जाने की सिफारिश की है.

प्रकरण के अनुसार बजरंग कॉलोनी में पुताई कार्य के दौरान हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आने से अरुण चौहान और नरेश सेन उर्फ नानू की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी. इस घटना के बाद पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की मांग उठी थी.

न्यायालय ने अपने निर्णय में केवल दोषसिद्धि या दोषमुक्ति तक सीमित न रहते हुए मानवीय पहलू को भी प्राथमिकता दी. मप्र अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, 15 के तहत दोनों मृतकों के आश्रितों को आर्थिक सहायता और पुनर्वास के लिए प्रतिकर देने की सिफारिश की गई है.

## यजमानों ने लिया राष्ट्रधर्म व संस्कृति सेवा का संकल्प

नवभारत न्यूज

**सीहोर 10 अगस्त.** आर्य समाज मंदिर में आयोजित सात दिवसीय वेद प्रचार सप्ताह एवं श्रावणी महोत्सव का समापन वैदिक मंत्रोच्चार, यज्ञ, भजन एवं प्रेरणादायी उपदेशों के साथ हुआ.

समापन समारोह में आचार्या अमृता आर्या के ब्रह्मत्व में 101 जोड़े यजमानों ने देव यज्ञ में श्रद्धापूर्वक सहभागिता की. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर सह पत्नी यज्ञ में शामिल हुए.उन्होंने कहा ऋषि दयानंद सरस्वती द्वारा स्थापित आर्य समाज आजादी के पूर्व से ही निरंतर सनातन, धर्म वेदों की पुर्नस्थापना तथा शुद्धि आंदोलन में अग्रणी रहा है. आज भी समाज निर्माण, राष्ट्र निर्माण तथा धर्म रक्षा में अपना योगदान दे रहा है.



इस दौरान अतुल वर्मा, प्रकाश चंद्र सोनी, भानु, रितेश राठौर, नरेश चंद्र आर्य, तरुण जगवानी, राजकुमार राठौर, नरेंद्र आर्य, राजेंद्र आर्य, रमेश आर्य, रमेश चंद्र आर्य, बाबूलाल, रामदीन, रामदयाल, रामस्वरूप गौर, बाला प्रसाद गौर, शम्मी आर्य, विकास आर्य आदि उपस्थित थे.

**धार्मिक** — श्रावण माह के दूसरे सोमवार को उमड़ा कांवड़ियों का सैलाब, सुबह पांच बजे से धाम पर जाने वालों का लगा रहा तांता

## सीवन तट से कुबेरेश्वर धाम तक उमड़ा आस्था का सैलाब

नवभारत न्यूज

**सीहोर 10 अगस्त.** सावन माह के दूसरे सोमवार को कावड़ियों का सैलाब उमड़ पड़ा. लाखों श्रद्धालुओं के आने से सुबह 5 बजे से सीवन नदी के महिला घाट से इनकी कतार लगी तो 9 किमी कुबेरेश्वरधाम तक यह देर शाम तक भी नहीं टूटी.

हालत यह हो गई कि भोपाल इंदौर फोरलेन पर 5 घंटे तक भारी वाहनों को डायवर्ट करना पड़ा तो वहीं दोपहर के समय एक घंटा और शाम के समय 2 घंटे के लिए छोटे चार पहिया वाहनों को भी डायवर्ट किया गया ताकि फोरलेन पर जाम की स्थिति न बने. आस्था का यह जन सैलाब पहले सावन माह के दूसरे सोमवार को कभी नहीं देखा गया था.



इस बार कुबेरेश्वरधाम में सावन माह में जल चढ़ाने के लिए हर रोज हजारों श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं। सीहोर की सीवन नदी के महिला घाट से जल लेकर यह कावड़िये 9 किमी पैदल चलकर कुबेरश्वरधाम पहुंच रहे हैं. यह सिलसिला सावन महीने के पहले दिन से चल रहा है.

सावन माह के दूसरे सोमवार को सुबह से देर शाम तक भोपाल इंदौर फोरलेन पर कांबड़ियों की कतार खत्म होने का नाम नहीं ले रही थी. सुबह से लेकर शाम तक यहां पर लाखों श्रद्धालु पहुंचे और बम बम भोले के जयघोष करते हुए निकले. दिनभर महिला घाट पर जल लेने के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही. यहां पर पुलिस बल लगा हुआ था। अधिक बारिश होने से सीवन नदी भी उफान पर थी इसलिए यहां पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई थी।

दोपहर में अधिक भीड़ होने के कारण नदी चौराहा पर जाम की स्थिति बनने लगी. मंत्री पेट्रोल पंप से मंडी और रेलवे स्टेशन जाने वाले वाहनों को डायवर्ट किया गया. फोरलेन पर कांबड़ियों की अधिक भीड़ होने पर पुलिस ने भोपाल तरफ से आ रहे भारी वाहनों को क्रिसेंट रिसोर्ट से डायवर्ट किया. यह वाहन भाउखेड़ी से होते हुए अमलाहा निकले। इसी तरह इंदौर, देवास तरफ से आ रहे वाहनों को अमलाहा से डायवर्ट कर क्रिसेंट चौराहा भेजा गया.

### फुटबॉल खिलाड़ियों को दिया प्रशिक्षण

**सीहोर.** चर्च मैदान पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही इंटर स्कूल जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत सोमवार को दो मुकाबले खेले जाने थे, लेकिन तेज बारिश के चलते दोनों मैच मंगलवार को खेले जाएंगे. वहीं यहां पर जारी प्रशिक्षण शिविर के दौरान यहां पर आने वाले फुटबाल खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया गया. मंगलवार को पहला मैच दोपहर तीन बजे सेंट एनिस-लूर्द माता स्कूल और दूसरा मुकाबला पुष्प स्कूल और इछावर के मध्य खेला जाएगा. प्रतियोगिता के अंतर्गत आठ टीमों को शामिल किया गया है. प्रतिदिन दो मुकाबले खेले जाएंगे.